2022/237

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	**बनाम**	**अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**
श्री सुकुम रावल जाति रावल निवासी ए16 साई प्रसाद सोसायटी विसत गांधीनगर हाईवे साबरमती अहमदाबाद।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सनवाडा तह. रेवदर

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं.35 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.05.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सनवाडा तह. रेवदर को दिनांक 07.01.2022 एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत सनवाडा में कितने गांव आते है एवं पंचायत का पिछले एक वर्ष का आय–व्यय का हिसाब एवं पिछले 02 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा आंवटित राशि एवं कितने गावं ऐसे है, जिसमें घर–घर नल योजना नहीं पहुंची, इससे सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सनवाडा तह. रेवदर को दिनांक 07.01.2022 एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत सनवाडा में कितने गांव आते है एवं पंचायत का पिछले एक वर्ष का आय–व्यय का हिसाब एवं पिछले 02 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा आंवटित राशि एवं उक्त पंचायत कितने गावं ऐसे है, जिसमें घर–घर नल योजना नहीं पहुंची, इससे सम्बन्धित सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूंकि लोक सूचना अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सनवाडा तह. रेवदर के अपील अधिकारी जिला कलक[illegible] नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारि[illegible] की जाती है। पत्रा[illegible] शामिल होकर नंबर से कम हो । (डॉ. भँवर [illegible]) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 13:13:41 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner